भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2743

<u>दिनांक 16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**कॉफी संवर्धन और विकास विधेयक**

**2743. श्री जी. कुमार नायक:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में कॉफी क्षेत्र के प्रोत्साहन और विनियमन हेतु प्रस्तुत कॉफी (प्रोत्साहन एवं विकास) विधेयक की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विधेयक का मसौदा तैयार करने से पूर्व हितधारकों, कॉफी उत्पादकों, उद्योग प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों से परामर्श किया है;

(ग) यदि हाँ, तो परामर्शों का तत्संबंधी व्यौरा क्या है और विधेयक में सम्मिलित प्रमुख सिफारिशें क्या हैं;

(घ) विधेयक के पारित होने और कार्यान्वयन की अनुमानित समयसीमा क्या है, और

(ङ) देश के लघु और सीमांत कॉफी उत्पादकों को लाभ पहुंचाने हेतु विधेयक के प्रमुख प्रावधान क्या हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ड.): सरकार ने कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक के मसौदा पर व्यापक परामर्श किया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ मसौदा विधेयक को सार्वजनिक डोमेन में रखना और विभिन्न उत्पादक संघों, निर्यातक संघों, उद्योग हितधारकों और भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ परामर्श करना शामिल है। विधेयक को अभी तक संसद में पेश करने के लिए अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

*****